Zildjian ALCHEM·E

# PERFECTTUNE™
## OVER EAR HEADPHONES




उपयोगकर्ता गाइड, संस्करण 1.0

# विषय-सूची

**महत्वपूर्ण सुरक्षा जानकारी** .......... 2
महत्वपूर्ण सुरक्षा निर्देश .......... 2
चेतावनी एवं सावधानियाँ .......... 3
अनुपालन .......... 4
लाइसेंसिंग .......... 5
**विनिर्देश** .......... 5
**परिचालन निर्देश** .......... 6
ब्लूटूथ/सेटअप .......... 6
शोर रद्द करने वाला मोड .......... 7
ऑडियो प्लेबैक .......... 8
फोन कॉल .......... 8
वॉल्यूम सीमित करना .......... 9
ध्वनि नियंत्रण .......... 10
ऑटो स्टैंडबाय .......... 12
**रखरखाव और देखभाल** .......... 12
बैटरी .......... 12
स्थिति सूचक .......... 13
अपडेट .......... 14
सफाई करना .......... 14
रीप्लेसमेंट वाले हिस्से और एक्सेसरीज़ .......... 15
**वारंटी** .......... 16
**सहायता** .......... 16
समस्या निवारण .......... 16
हमसे संपर्क करें .......... 16

## महत्वपूर्ण सुरक्षा निर्देश

- इन निर्देशों को पढ़ें।
- इन निर्देशों को रखें।
- सभी चेतावनियों पर ध्यान दें।
- सभी निर्देशों का पालन करें।
- पानी के पास हेडफोन का उपयोग न करें।
- केवल सूखे कपड़े से साफ करें।
- केवल निर्माता द्वारा तय किए गए अटैचमेंट्स/एक्सेसरीज़ का उपयोग करें। सभी सेवाओं के लिए Zildjian ग्राहक सेवा से संपर्क करें: zcustomercare@zildjian.com. सर्विसिंग की आवश्यकता तब होती है जब हेडफोन कोई कारण से क्षतिग्रस्त हो गया हो, जैसे कि बिजली आपूर्ति तार या प्लग का खराब होना, हेडफोन पर तरल पदार्थ या वस्तुओं का गिरना, हेडफोन बारिश या नमी के संपर्क में आ गया हो, सामान्य रूप से काम नहीं कर रहा हो, या गिर गया हो।

## चेतावनी और सावधानियाँ

- हेडफोन को लम्बे समय तक ऊँची ध्वनि पर उपयोग न करें।
  - सुनने की क्षमता को होने वाली क्षति से बचने के लिए अपने हेडफोन का उपयोग आरामदायक, मध्यम ध्वनि स्तर पर करें।
  - हेडफोन को अपने कानों पर लगाने से पहले अपने उपकरण की ध्वनि कम कर लें, फिर ध्वनि को धीरे-धीरे बढ़ाएँ जब तक कि आप आरामदायक सुनने के स्तर तक न पहुँच जाएँ।
- वाहन चलाते समय फोन कॉल या किसी अन्य उद्देश्य के लिए अपने हेडफोन का उपयोग न करें।
- यदि हेडफोन से कोई तेज़ असामान्य आवाज़ निकलती हो तो उसका उपयोग न करें। यदि ऐसा होता है, तो हेडफोन बंद करें और Zildjian ग्राहक सेवा से संपर्क करें।
- शोर-रद्दीकरण के साथ हेडफोन का उपयोग उस समय न करें, जब आसपास की आवाज़ें सुनने में असमर्थता आपके लिए या दूसरों के लिए ख़तरा पैदा कर सकती है, उदाहरण के लिए, साइकिल चलाते समय या यातायात के पास, निर्माण स्थल या रेलमार्ग आदि के आसपास चलते समय और हेडफोन के उपयोग के संबंध में लागू कानूनों का पालन करें।
  - हेडफोन निकाल दें, या शोर-रद्दीकरण के साथ हेडफोन को बंद करके उपयोग करें और वॉल्यूम समायोजित करें, ताकि आप अलार्म और चेतावनी संकेतों सहित आसपास की आवाज़ें सुन सकें।
  - हेडफोन का उपयोग करते समय इस बात का ध्यान रखें कि आप जिन ध्वनियों पर अनुस्मारक या चेतावनी के रूप में भरोसा करते हैं, वो अलग व्यवहार कर सकते हैं।
- यदि आपको गर्माहट महसूस हो या आवाज़ आना बंद हो जाए तो तुरंत हेडफोन उतार दें।
- हेडफोन का उपयोग विमानन संचार हेडसेट के रूप में न करें।
- इस उत्पाद में अनधिकृत परिवर्तन न करें।

## चेतावनी और सावधानियाँ

- हेडफोन को हवाई जहाज की सीट जैक से जोड़ने के लिए मोबाइल फोन एडाप्टर का उपयोग न करें, क्योंकि इससे अधिक गर्मी के कारण व्यक्तिगत चोट या संपत्ति की क्षति हो सकती है।
- इसमें छोटे-छोटे हिस्से होते हैं जिनसे दम घुटने का खतरा हो सकता है। 3 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए उपयुक्त नहीं है।
- इस उत्पाद में चुंबकीय सामग्री है। अपने चिकित्सक से परामर्श करें कि क्या इससे आपके प्रत्यारोपण-योग्य चिकित्सा उपकरण पर कोई प्रभाव पड़ेगा।
- आग या बिजली के झटके के जोखिम को कम करने के लिए, इस उत्पाद को बारिश, तरल पदार्थ या नमी के संपर्क में न आने दें।
- इस उत्पाद को टपकन या छींटे पड़ने के संपर्क में न आने दें और उत्पाद के पास तरल पदार्थ से भरी वस्तुएँ, जैसे फूलदान न रखें।
- इस उत्पाद का उपयोग केवल अनुमोदित विद्युत आपूर्ति के साथ करें जो स्थानीय नियामक आवश्यकताओं (जैसे, UL, CSA, CDE, CCC) को पूरा करती हो।
- यदि बैटरी में रिसाव हो जाए तो तरल पदार्थ को त्वचा या आँखों के संपर्क में न आने दें। यदि संपर्क हो जाए तो चिकित्सीय सलाह लें।
- बैटरी वाले उत्पादों को अत्यधिक गर्मी (जैसे सीधे सूर्य के प्रकाश, आग या इसी तरह के स्थान पर रखना) के संपर्क में न आने दें।
- चार्ज करते समय हेडफोन न पहनें।
- चार्ज करते समय हेडफोन ऑडियो नहीं बजाता है।

## चेतावनी – बैटरी सुरक्षा दिशानिर्देश

- इस उपकरण में एक अन्तर्निहित रीचार्जेबल लिथियम बैटरी है जिसे उपयोगकर्ता द्वारा बदला नहीं जा सकता है। निरंतर प्रदर्शन और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बैटरी को स्वयं निकालने या बदलने का प्रयास न करें। उत्पाद सहायता के लिए, कृपया Zildjian उपभोक्ता सेवा से **zcustomercare@zildjian.com** पर संपर्क करें।
- -4 से 113°F (-20 से 45°C) के बीच स्टोर करें।
- बैटरी को अत्यंत कम वायु दाब की स्थिति में न रखें, क्योंकि इससे विस्फोट हो सकता है या ज्वलनशील तरल या गैस का रिसाव हो सकता है।
- इन दिशानिर्देशों का पालन न करने से उपकरण को नुकसान हो सकता है, व्यक्तिगत चोट लग सकती है या आग लगने का खतरा हो सकता है। उपकरण को अनुशंसित उपयोग और निपटान दिशानिर्देशों के अनुसार संचालित और संग्रहीत करें।
- हमेशा स्थानीय नियमों के अनुसार उचित तरीके से उपकरण का निपटान करें।

# अनुपालन

## यूएस

### एफसीसी वक्तव्य

**चेतावनी:** इस उपकरण में कोई भी परिवर्तन या संशोधन, जो अनुपालन के लिए जिम्मेदार पक्ष द्वारा स्पष्ट रूप से अनुमोदित नहीं है, उपकरण को संचालित करने के लिए उपयोगकर्ता के अधिकार को रद्द कर सकता है। यह उपकरण अनियंत्रित वातावरण के लिए निर्धारित एफसीसी विकिरण जोखिम सीमाओं का अनुपालन करता है। इस डिवाइस को किसी अन्य एंटीना या ट्रांसमीटर के साथ सह-स्थित या संचालित नहीं किया जाना चाहिए।

इस उपकरण का परीक्षण किया गया है, और इसे एफसीसी नियमों के भाग 15 के अनुरूप, क्लास बी डिजिटल डिवाइस की सीमाओं का अनुपालन करते हुए पाया गया है। ये सीमाएं किसी आवासीय इंस्टॉलेशन में हानिकारक इंटरफेरेंस के विरुद्ध उचित सुरक्षा प्रदान करने के लिए निर्धारित की गई हैं। यह उपकरण रेडियो फ्रीक्वेंसी ऊर्जा उत्पन्न करता है, उपयोग करता है और विकिरण कर सकता है और यदि निर्देशों के अनुसार स्थापित और उपयोग नहीं किया जाता है, तो रेडियो संचार में हानिकारक इन्टरफियरेंस कर सकता है। हालाँकि, इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि किसी विशेष इंस्टॉलेशन में इन्टरफियरेंस नहीं होगा। यदि यह उपकरण रेडियो या टेलीविज़न रिसेप्शन में हानिकारक इन्टरफियरेंस का कारण बनता है, जिसका पता उपकरण को बंद और चालू करके लगाया जा सकता है, तो उपयोगकर्ता को निम्नलिखित में से एक या अधिक उपायों द्वारा इन्टरफियरेंस को ठीक करने का प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है:

- रिसीविंग एंटीना को घुमाएँ या कहीं और स्थापित करें।
- उपकरण और रिसीवर के बीच के दूरी को और बढ़ाएँ।
- जिस सर्किट से रिसीवर जुड़ा हुआ है, उपकरण को उसके बजाय किसी अन्य सर्किट वाले आउटलेट से जोड़ें।
- सहायता के लिए डीलर या किसी अनुभवी रेडियो/टीवी तकनीशियन से सलाह लें।

## कनाडा

### आईएसईडी वक्तव्य

यह डिवाइस इंडस्ट्री कनाडा लाइसेंस-मुक्त आरएसएस मानक(ओं) का अनुपालन करती है। परिचालन निम्नलिखित दो शर्तों के अधीन है: (1) यह डिवाइस हस्तक्षेप उत्पन्न नहीं कर सकती है, और (2) इस डिवाइस को किसी भी हस्तक्षेप को स्वीकार करना होगा, जिसमें वह हस्तक्षेप भी शामिल है जो इस डिवाइस के अवांछित संचालन का कारण बन सकता है।

Cet appareil est conforme à la norme RSS sans licence d'Industrie Canada. Son fonctionnement est soumis aux deux conditions suivantes: (1) cet appareil ne doit pas provoquer d'interférence et (2) cet appareil doit supporter les interférences, y compris les interférences susceptibles de provoquer un fonctionnement inattendu.

## यूरोपीय संघ

उत्पाद पर इस प्रतीक-चिह्न का अर्थ है कि प्रयुक्त इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को सामान्य घरेलू कचरे के साथ नहीं मिलाया जाना चाहिए। सही निपटान से मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर संभावित नकारात्मक प्रभावों को रोकने में मदद मिलेगी। उचित ट्रीटमेंट, रिकवरी और पुनर्चक्रण के लिए, कृपया आपके नगर कार्यालय, अपशिष्ट निपटान सेवाकर्ता या उस दुकान से संपर्क करें जहां से आपने उत्पाद खरीदा था।

Avedis Zildjian Co. यहाँ घोषणा करती है कि यह उत्पाद निर्देश 2014/53/EU की आवश्यक आवश्यकताओं और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों तथा अन्य सभी लागू ईयू निर्देश आवश्यकताओं के अनुपालन में है।
अनुरूपता की पूरी घोषणा zildjian.com/compliance पर देखी जा सकती है

- अधिकतम संचारित शक्ति 10 dBm EIRP से कम
- संचालन की आवृत्ति बैंड 2402-2480

## चीन

| विषैले या खतरनाक पदार्थों या तत्वों के नाम और सामग्री | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | विषाक्त या खतरनाक पदार्थों या तत्वों के नाम व कंटेंट | | | | | |
| भाग का नाम | सीसा (Pb) | पारा (Hg) | कैडमियम (Cd) | हेक्सावेलेन्ट (सीआर(VI)) | पॉलीब्रोमिनेटेड बाइफेमिल (पीबीबी) | पॉलीब्रोमिनेटेड डाइफेनिलएथर (पीबीडीई) |
| पीसीबी | X | O | O | O | O | O |
| धातु के भाग | X | O | O | O | O | O |
| धातु के भाग | O | O | O | O | O | O |
| प्लास्टिक के भाग | X | O | O | O | O | O |
| तार | X | O | O | O | O | O |
| यह तालिका एसजे/टी 11364 के प्रावधानों के अनुसार तैयार की गयी है।<br>O: यह इंगित करता है कि इस भाग के लिए सभी सजातीय सामग्रियों में निहित यह विषाक्त या खतरनाक पदार्थ GB/T 26572 की सीमा आवश्यकता से नीचे है। | | | | | | 5 |
| X: यह इंगित करता है कि इस भाग के लिए प्रयुक्त सजातीय सामग्रियों में से कम से कम एक में निहित यह विषाक्त या खतरनाक पदार्थ GB/T 26572 की सीमा आवश्यकता से ऊपर है। | | | | | | |

## लाइसेंसिंग

Bluetooth® वर्ड मार्क और लोगो ब्लूटूथ SIG, Inc. के स्वामित्व वाले पंजीकृत ट्रेडमार्क हैं और Avedis Zildjian Company द्वारा ऐसे चिह्नों का कोई भी उपयोग लाइसेंस के अंतर्गत है। अन्य ट्रेडमार्क और व्यापार नाम उनके संबंधित स्वामियों के हैं।

## विनिर्देश



**प्रकार**
सक्रिय शोर रद्दीकरण के साथ क्लोज़्ड सर्कमऑरल हेडफोन

**ब्लूटूथ संस्करण**
संस्करण 5.3

**ब्लूटूथ रेंज**
> 15m

**ऑडियो कोडेक्स**
एसबीसी, एएसी

**बैटरी की क्षमता**
680mAh/3.7V

**वॉएस असिस्टेंट**
लागू नहीं

**स्पीकर ड्राइवर**
40mm डायनामिक ड्राइवर

**आवृत्ति प्रतिक्रिया**
7Hz - 22000Hz

**टोटल हार्मोनिक डिस्टॉर्शन**
0.019% (1kHz पर 90dB)

**माइक्रोफोन**
उच्च एओपी मेम्स

**वजन**
356.8g

**मोबाइल ऐप्लिकेशन**
Zildjian, iOS और एंड्रॉयड अनुकूल

**ऑडियो कनेक्शन**
ब्लूटूथ, 3.5mm एनालॉग

**चार्जिंग**
यूएसबी-सी

# ऑपरेट करने के निर्देश

**नोट:** अपने हेडफोन का उपयोग करने से पहले, सभी पैकेजिंग को निकालें।
इयरकप से जुड़े धातु के हिस्सों को कवर करने वाली सभी सिलिकॉन ट्यूब इसमें शामिल हैं।

## ब्लूटूथ/सेटअप

### अपने हेडफोन चालू/बंद करें

1. हेडफोन के निचले-दाएँ कान पर लगे पावर बटन को दबाएँ और छोड़ें। पावर बटन को दबाकर न रखें। पावर बटन को दबाए रखने से हेडफोन ब्लूटूथ पेयरिंग मोड में चला जाएगा।

### ब्लूटूथ से कनेक्ट करें

1. ब्लूटूथ पेयरिंग मोड में प्रवेश करने के लिए पावर बटन को दबाकर रखें। हेडफोन एक पेयरिंग ध्वनि बजाएगा और लाइट स्ट्रिप नीली चमकेगी।
2. अपने फोन की सेटिंग से, ब्लूटूथ चालू करें और डिवाइस सूची से ALCHEM-E हेडफोन चुनें।
3. हेडफोन एक टोन बजाएगा और लाइट स्ट्रिप पर एक नीली रोशनी दिखाई देगी जो पुष्टि करेगी कि पेयरिंग पूरी हो गयी है।

### अपने हेडफोन को Zildjian ऐप से जोड़ें

1. जब आपका हेडफोन आपके फोन के ब्लूटूथ से जुड़ा हो, तो Zildjian ऐप खोलें।
2. **Connect to Headphones (हेडफोन से कनेक्ट करें)** बटन दबाएँ।
3. **Detected Headphones (पता लगाए गए हेडफोन)** सूची से अपने हेडफोन का चयन करें।
4. **Next (अगला)** क्लिक करें।

### अपने हेडफोन को Zildjian ऐप से हटाएँ

1. Zildjian मोबाइल ऐप खोलें।
2. नीचे मेनू बार में **Settings (सेटिंग्स)** बटन दबाएँ।
3. **Remove headphones (हेडफोन हटाएँ)** को दबाएँ।
4. प्रक्रिया को पूरा करने के लिए **Remove (हटाएँ)** दबाएँ।

### ऑक्ज़िलरी (वायर्ड) कनेक्शन



1. ऑक्ज़िलरी केबल को बायीं तरफ स्थित ऑक्ज़ जैक में डालें।

**नोट्स**

- USB ऑडियो कनेक्शन समर्थित नहीं हैं
- जब ऑक्ज़िलरी केबल प्लग इन हो, तो ब्लूटूथ कनेक्शन अक्षम होता है।

# ऑपरेट करने के निर्देश




## शोर रद्दीकरण मोड

- शोर रद्दीकरण मोड देखने के लिए सक्रिय शोर रद्दीकरण (ANC) बटन को एक बार दबाएँ:

| मोड | विवरण |
|---|---|
| **पूर्ण** | अलगाव, हवाई जहाज़ों पर सुरक्षा आदि के लिए डिज़ाइन किया गया। |
| **अर्ध** | एक सुरक्षात्मक, पूर्ण आवृत्ति ध्वनिक ड्रमिंग अनुभव के लिए डिज़ाइन किया गया। |
| **बंद** | कोई शोर रद्दीकरण नहीं। |

## नोट्स

- जब शुरू हो, तो हेडफोन स्वचालित रूप से अंतिम चयनित शोर रद्दीकरण मोड पर वापस आ जाएगा।
- पूर्ण और अर्ध मोड स्वचालित पावर-ऑफ कार्यक्षमता को अक्षम नहीं करते हैं। ऑडियो न होने पर भी हेडफोन चालू रखने के लिए ऑटो स्टैंडबाय को अक्षम करें।

# ऑपरेट करने के निर्देश

## ऑडियो प्लेबैक

आप अपने हेडफोन पर नियंत्रण घुंडी के माध्यम से अपने ऑडियो प्लेबैक को नियंत्रित कर सकते हैं।

| नयिंत्रण नॉब | कार्रवाई |
|---|---|
| **घड़ी की दिशा में घुमाएँ** | वॉल्यूम बढ़ाएँ |
| **घड़ी की उलटी दिशा में घुमाएँ** | वॉल्यूम घटाएँ |
| **हल्का दबाएँ** | प्ले/पॉज़ (ब्लूटूथ और ऑक्ज़िलरी) |
| **दो बार दबाएँ** | अगले ट्रैक पर जाएँ |
| **तीन बार दबाएँ** | किसी ऑडियो ट्रैक के पहले 10 सेकंड के भीतर पिछला ट्रैक चलाएँ।<br>10 सेकंड के बाद, वर्तमान ट्रैक को पुनः प्रारंभ करें। |
| **दबाएँ और घड़ी की दिशा में घुमाएँ** | ट्रैक को आगे बढ़ाएँ (केवल ब्लूटूथ) |
| **दबाएँ और व घड़ी की उलटी दिशा में घुमाएँ** | ट्रैक को पीछे की ओर ले जाएँ (केवल ब्लूटूथ) |

**नोट:** पीछे ले जाने की सुविधा केवल उन डिवाइस पर उपलब्ध है जो इसका समर्थन करते हैं।

## फोन कॉल

ब्लूटूथ के माध्यम से कनेक्ट होने पर, आने वाली फोन कॉल स्ट्रीम होने वाली ऑडियो को रोक देगी और आपके मोबाइल डिवाइस की रिंगटोन बजाएगी।

| नियंत्रण नॉब | कार्रवाई |
|---|---|
| **हल्का दबाएँ** | आने वाली कॉल स्वीकार करें |
| **दो बार दबाएँ** | आने वाली कॉल को अस्वीकार करें और ऑडियो फिर से शुरू करें |
| **कॉल के दौरान हल्का दबाएँ** | कॉल समाप्त करें और ऑडियो फिर से शुरू करें |
| **कॉल के दौरान दो बार दबाएँ** | कॉल को होल्ड पर रखें |
| **होल्ड के दौरान दो बार दबाएँ** | कॉल फिर से शुरू करें |

# ऑपरेट करने के निर्देश

## वॉल्यूम सीमित करना

हेडफोन की अधिकतम वॉल्यूम को नियंत्रित करने के लिए Zildjian मोबाइल ऐप का उपयोग करें।

❶ Zildjian मोबाइल ऐप खोलें।

❷ नीचे मेनू बार में **Settings (सेटिंग्स)** बटन दबाएँ।

❸ **Volume limiter (वॉल्यूम लिमिटर)** दबाएँ।

❹ वॉल्यूम सीमित मोड चुनें।

| मोड | विवरण |
|---|---|
| **बंद (सामान्य)** | डिफ़ॉल्ट। पूर्ण वॉल्यूम आउटपुट सक्षम करता है। अधिकतम आउटपुट 100dBA है। |
| **यूरोपीय संघ मानक** | यूरोपीय मानक EN-50332 के अनुसार, अधिकतम आउटपुट वॉल्यूम को 94dBA तक कम करता है: 2017 ध्वनि प्रणाली उपकरण: हेडफोन और इयरफोन व्यक्तिगत संगीत प्लेयर से जुड़े हैं। |
| **बच्चों के लिए सुरक्षित** | अधिकतम आउटपुट वॉल्यूम को 85dBA तक कम कर देता है, जिसे प्रति सप्ताह 40 घंटे तक के लिए "सुरक्षित श्रवण स्तर" माना जाता है। |

**"सावधानी":** यद्यपि वॉल्यूम सीमित करने वाली सेटिंग्स को सावधानीपूर्वक जाँचा और टेस्ट किया गया है, लेकिन उनके उपयोग से यह गारंटी नहीं मिलती है कि अत्यधिक ध्वनि स्तर के संपर्क में आने से उपयोगकर्ता की सुनने की क्षमता को नुकसान नहीं पहुंचेगा। सुनने की क्षमता को होने वाली क्षति से बचने के लिए अपने हेडफोन का उपयोग आरामदायक, मध्यम ध्वनि स्तर पर करें।

## ध्वनि नियंत्रण

Zildjian Perfect Tune™
आप Zildjian ऐप में अपने हेडफोन की आवाज़ को मैन्युअल रूप से समायोजित कर सकते हैं।

❶ Zildjian मोबाइल ऐप खोलें।

❷ होम स्क्रीन पर **Sound control (ध्वनि नियंत्रण)** के नीचे **Tuning (ट्यूनिंग)** को दबाएँ।




❸ पहले बाएँ कान में, फिर दाएँ कान में लघु ट्यूनिंग प्रवाह करने के लिए ऐप के संकेतों का पालन करें।



# ध्वनि नियंत्रण

## इक्वलाइजिंग

आपके हेडफोन के ध्वनि आउटपुट को EQ पेज से भी समायोजित किया जा सकता है। ये सेटिंग्स आपकी Zildjian Perfect Tune™ सेटिंग्स के अतिरिक्त लागू की जाती हैं। यदि आप Perfect Tune™ या अपनी अनुकूलित EQ सेटिंग्स को बंद करना चाहते हैं, तो आप ऐप के भीतर इनमें से किसी भी सेटिंग को बंद करके ऐसा कर सकते हैं।

मोबाइल ऐप में ध्वनि विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए गए कई EQ प्रीसेट शामिल हैं, और इसमें एक कस्टम EQ सुविधा भी शामिल है जो आपको ध्वनि आउटपुट को और अधिक अनुकूलित करने की सुविधा देती है। ऐप में किए गए कोई भी परिवर्तन वास्तविक समय में हेडफोन पर लागू हो जाते हैं और उन्हें सेव करने की आवश्यकता नहीं होती।

❶ होमस्क्रीन पर **Sound control (ध्वनि नियंत्रण)** के नीचे **EQ** को दबाएँ।

❷ EQ विकल्पों को चालू करने के लिए सक्षम बटन को टॉगल करें।




❸ EQ प्रीसेट के माध्यम से स्क्रॉल करें या कस्टम चुनें।




❹ यदि आपने चरण 3 में **Custom (कस्टम)** चुना है, तो ध्वनि को अनुकूलित करने के लिए सेटिंग्स को ऊपर और नीचे खींचें।



# ध्वनि नियंत्रण

## ऑटो स्टैंडबाय

यदि आपने अपने हेडफोन का उपयोग निर्धारित समय तक नहीं किया है तो आप उन्हें स्वचालित रूप से बंद करने के लिए सेट कर सकते हैं। डिफ़ॉल्ट रूप से, आपके हेडफोन 30 मिनट के उपयोग के बाद स्वचालित रूप से बंद हो जाएँगे। आप Zildjian ऐप में समय सीमा बदल सकते हैं।

1. Zildjian मोबाइल ऐप खोलें।
2. नीचे मेनू बार पर सेटिंग्स बटन दबाएँ।
3. ऑटो स्टैंडबाय दबाएँ।
4. उपलब्ध ऑटो स्टैंडबाय विकल्पों में से चयन करें; कभी नहीं, 15 मिनट, 30 मिनट या 1 घंटा। एक बार चयन करने के बाद, पीछे जाने वाले तीर के माध्यम से ऐप पर वापस लौटें। ये परिवर्तन हेडफोन पर वास्तविक समय में लागू होते हैं और इन्हें सेव करने की आवश्यकता नहीं होती।

# रखरखाव और देखभाल




## बैटरी

### अपने हेडफोन चार्ज करें

1. USB-C चार्जिंग केबल को दाहिने कान पर लगे USB पोर्ट में लगाएँ।
2. चार्जिंग केबल के दूसरे सिरे को पावर स्रोत में लगाएँ।

## नोट्स

- हम आपके हेडफोन को चार्ज करने के लिए Ziljdian द्वारा प्रदान की गई पावर कॉर्ड का उपयोग करने की अनुशंसा करते हैं।
- चार्ज करते समय, हेडफोन बंद रहेगा।
- बैटरी को 15% तक चार्ज करने के लिए कम से कम 15 मिनट तक चार्ज करें।
- 100% बैटरी पावर (5V/2A) के लिए कम से कम 2 घंटे तक चार्ज करें।

# रखरखाव और देखभाल

## स्थिति संकेतक

दाहिने कान पर लगे एलईडी संकेतक आपको हेडफोन की स्थिति के बारे में सचेत करते हैं।

| | |
|---|---|
| **पावर ऑन होना**<br>बढ़ती हुई सफेद बार, उसके बाद 3x बैटरी स्थिति फ्लैश द्वारा। |  |
| **पॉवर बंद होना**<br>सफेद बार घटती जा रही हैं। |  |
| **बैटरी की स्थिति**<br>हेडफोन चालू करने पर हरे या लाल रंग की बार तीन बार चमकती हैं।<br>**100-75%** 4 हरी बार चमकाती है<br>**74-50%** 3 हरी बार चमकाती है<br>**49-25%** 2 नारंगी बार चमकाती है<br>**24-11%** 1 लाल बार चमकाती है<br>**4 - 10%** 1 अर्द्ध-तीव्र लाल बार चमकाती है<br>**3%** 1 तीव्र लाल बार चमकाती है |  |
| **चालू है लेकिन उपयोग में नहीं है**<br>एकल श्वेत बार धीरे-धीरे स्पंदित होती है। यदि ब्लूटूथ से कनेक्ट किया गया है तो बार नीला होगा। |  |
| **ब्लूटूथ से कनेक्ट हो रहा है**<br>एकल नीली बार ऊपर-नीचे चलती है। |  |
| **ब्लूटूथ पेयरिंग सफल हुआ**<br>सभी बार 1 सेकंड में 0% से 100% तक 3x तक नीली हो जाती हैं। |  |
| **ब्लूटूथ ऑडियो बजा रहा है**<br>एकल नीली बार 50% पर। |  |
| **ऑक्ज़िलरी से कनेक्ट हो रहा है**<br>सभी बार 0% से 100% तक 3x से अधिक 1 सेकंड पर पीली हो जाती हैं |  |

# रखरखाव और देखभाल

## अपडेट

फर्मवेयर अपडेट Zildjian मोबाइल ऐप के माध्यम से उपलब्ध हैं।




## सफाई

हेडफोन को समय-समय पर साफ किया जाना चाहिए।

- बाहरी सतहों को मुलायम, सूखे कपड़े से पोंछें।
- कान के कप या ऑक्ज़ इनपुट कनेक्टर के अंदर नमी न आने दें।

# रखरखाव और देखभाल

## रीप्लेसमेंट वाले हिस्से और एक्सेसरीज़

इयरपैड और हेडबैंड पैड हटाने योग्य हैं। प्रतिस्थापनों को Zildjian से खरीदा जा सकता है।

### इयरपैड

1. पुराने ईयरपैड को हटाने के लिए, उसे पकड़ें और घड़ी से उलटी दिशा में घुमाएँ



2. नया ईयरपैड लगाएँ और इसे सुरक्षित करने के लिए घड़ी की दिशा में घुमाएँ।



### हेडबैंड

1. नीचे के हेडबैंड पैड को हटाने के लिए, प्रतिस्थापन पैड के साथ दिया गया प्राइ टूल लें।
2. प्राइ टूल को हेडबैंड के नीचे स्थित छोटे से छेद में, दोनों स्क्रू के ठीक ऊपर, घुसा दें।
3. पैड को बाहर निकालने के लिए उपकरण पर हल्का नीचे की ओर बल लगाएँ।
4. नए हेडबैंड पैड को उसके स्थान पर लगाएँ।



## वारंटी

Zildjian ALCHEM-E हेडफोन के हिस्सों पर सामान्य उपयोग के तहत विनिर्माण दोषों के विरुद्ध 1 वर्ष की वारंटी है।
अधिक जानकारी के लिए https://zildjian.com/pages/warranty पर जाएँ।

## सहायता

### समस्या निवारण

#### हेडफोन चालू नहीं हो रहा

कृपया सुनिश्चित करें कि आपके हेडफोन पूरी तरह चार्ज हैं।
अधिक जानकारी के लिए इस गाइड का बैटरी सेक्शन देखें।

#### हेडफोन ब्लूटूथ से कनेक्ट नहीं हो रहा

❶ हेडफोन को मोबाइल पेयरिंग सूची से हटा दें।

❷ हार्ड रीसेट करें।

❸ हेडफोन को मोबाइल पेयरिंग सूची में वापस जोड़ें।

❹ ब्लूटूथ से पुनः कनेक्ट करने का प्रयास करें।

#### हार्ड रीसेट

फर्मवेयर क्रैश की अप्रत्याशित स्थिति में हार्ड रीसेट डिवाइस को पुनः प्राप्त कर लेता है।
यह किसी भी सेटिंग या कॉन्फ़िगरेशन को क्लियर नहीं करता है।
❶ पावर बटन को 10 सेकंड तक दबाए रखें, फिर थोड़ी देर के लिए पुनः दबाएँ।

#### फैक्टरी रीसेट

फैक्टरी रीसेट करने से हेडफोन अपने फ़ैक्टरी डिफ़ॉल्ट पर पुनर्स्थापित हो जाता है। सभी व्यक्तिगत डेटा (ईक्यू सेटिंग्स, डिवाइस का नाम और वैयक्तिकरण सहित) हटा दिए जाते हैं।

❶ ANC बटन और नियंत्रण घुंडी को 7 सेकंड तक एक साथ दबाकर रखें जब तक कि हेडफोन बंद न हो जाए और फिर पुनः चालू करें। स्टार्ट अप एलईडी अनुक्रम शुरू हो जाएगा और हेडफोन तुरंत पेयरिंग मोड में प्रवेश कर जाएगा।

## हमसे संपर्क करें

हम यहाँ सहायता करने के लिए हैं। ग्राहक सहायता के लिए कृपया

यहाँ जाएँ **www.zildjian.com/contact.**